कार्यालय पुलिस उपायुक्त , काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 14.12.2024

विषयः- श्रद्धालु की बैग चोरी करने वाली शातिर महिला चोर थाना चौक पुलिस द्वारा गिरफ्तार व 16,500/- रुपये बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त ज़ोन काशी महोदय के आदेश के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी महोदय व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध महोदय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी विमल कुमार मिश्र की टीम द्वारा दिनांक 14.12.2024 को देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के क्रम में श्रद्धालु की बैग चोरी करने वाली शातिर महिला अभियुक्ता को एक अदद बैग जिसमें 16,500/- रुपये के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर से दिनांक 14.12.2024 को गिरफ्तार किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक 14.12.2024 को श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन पूजन के लिये आये श्रद्धालु की बैग चोरी करने वाली शातिर महिला चोर को एक अदद बैग जिसमें 16,500/- रुपये के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर से दिनांक 14.12.2024 को गिरफ्तार किया गया। अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियोग का विवरणः-

1. मु0अ0सं0- 130/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0-02/2017 धारा 379/411 भादवि थाना पर्यटन कमिश्नरेट आगरा।

अभियुक्त का विवरणः-

1. एक अभियुक्ता उम्र लगभग 40 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः- श्रीकाशी विश्वनाथ मन्दिर परिसर से दिनांक 14.12.2024

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 अदद बैग जिसमें 16,500/- रुपये बरामद किया गया।

पूछताछ अभियुक्तः-

पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर बतायी कि मैं विभिन्न तीर्थस्थलों पर जाकर भीड़ भाड़ का फायदा उठा कर श्रद्धालुओं का बैग/पैसा व अन्य सामान चोरी करके अपना जीवन यापन करती हूँ।

बरामद एवं गिरफ्तार करने वाली टीम: -

1.प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

2. उ0नि0 श्री अनूप कुमार राम थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी

3. का0 संदीप कुमार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

4. म0का0 वन्दना कुमारी थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

5. म0का0 वन्दना गौड़ थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी